आपदा पूर्व चेतावनी हेतु राहत वाणी केंद्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राज्य के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने राज्य में बहु-खतरे परिदृश्यों से निपटने के प्रयास के तहत **एक आपदा पूर्व चेतावनी केंद्र 'राहत वाणी केंद्र' (RVC)** का उद्घाटन किया।

मुख्य बिंदु:

- RVC's का कार्य **आपदा पूर्व चेतावनियाँ तथा पूर्वानुमान** की जानकारी उपलब्ध करना तथा समय पर राहत संबंधी वस्तुओं को पहुँचाना ताकि कर्मचारियों को मुआवज़े को सुव्यवस्थित किया जा सके।
- RVC's की स्थापना **छह कर्मियों की एक टीम के साथ लखनऊ के लालबाग** क्षेत्र में की जाएगी।
- यह एक एकीकृत आपदा जोखिम प्रबंधन स्टैक और एक कुशल तकनीकी वातावरण विकसित करने के लिये भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD), **लखनऊ, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे; इसरो के राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोग; भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ; राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण; और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान** के साथ समन्वय करेगा।
- RVC's के पीछे का उद्देश्य आम जनता को संभावित प्राकृतिक आपदाओं के बारे में उनके प्रभाव से 30 **मिनट से एक घंटे पहले सचेत करना है**। सूचना समुदाय स्तर पर एसएमएस अलर्ट, मोबाइल नोटिफिकेशन और अन्य माध्यमों से प्रसारित की जाएगी।
- वर्तमान में IMD के **68 स्वचालित मौसम स्टेशन (AWSs)** और **132 स्वचालित वर्षा गेज (AWSs)** स्टेशन राज्य में मौसम संबंधी सुचना प्रदान करते हैं।
- पूर्व चेतावनी प्रणाली को और मज़बूत करने के लिये, राज्य सरकार और IMD पाँच **डॉप्लर रडार** (long-range weather forecasting and surveillance), 450 AWSs और 2000 ARG स्टेशन स्थापित कर रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rahat-vani-center-for-early-warning-of-disaster